**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**02.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे**

## मानसून सत्र

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे मानसून सत्र की आज नौवीं बैठक है। मानसून सत्र की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी जिसमें विधायकों द्वारा महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे गए हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू तीन अहम बिलों को सदन में विचार और पारित करने का प्रस्ताव रखेंगे, जिनमें हिमाचल प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2026, शिमला की सड़कों का उपयोग करने वालों और पैदल चलने वालों के लिए लोक सुरक्षा व सुविधा संशोधन विधेयक सहित माल और सेवा कर संशोधन विधेयक–2026 शामिल हैं। सदन में आज विधायक पवन कुमार काजल व चंद्रशेखर सड़क व पुल के निर्माण में हो रहे विलंब व बसों की कमी से लोगों को हो रही असुविधा पर सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। सदन में नियम–130 के तहत रोज़गार की गारंटी पर आगे चर्चा शुरू होगी, जिसका सरकार की तरफ से आज भी जवाब दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में स्थापित एक सौ 50 सीबीएसई स्कूलों में शिक्षकों की तीन बार उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था शुरू की जाएगी, जिसके तहत स्कूल दिवस के दौरान तीन चरणों में सुबह स्कूल पहुंचने के समय, दोपहर लंच ब्रेक के दौरान और स्कूल से छुट्टी के समय उपस्थिति दर्ज करवाना अनिवार्य होगा। शिमला में शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इन सीबीएसई स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए अलग–अलग ड्रैस कोड निर्धारित किए जाएंगे जिसमें शिक्षकों के लिए ड्रैस कोर्ड इस वर्ष पहली अक्तूबर से निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की स्कूल वर्दी के संबंध में निर्णय अगले एक सप्ताह के भीतर लिया जाएगा।

## सफल रैस्क्यू

सिरमौर जिले के नाहन विधानसभा क्षेत्र के तहत वर्मा पापड़ी की रूण नदी में फंसे दो लोगों का कल रात करीब नौ बजे सफल रैस्क्यू किया गया। पांच घंटे के इस रैस्क्यू ऑपरेशन में वायुसेना के हैलीकॉप्टर के अलावा एनडीआरएफ व होमगार्ड के जवानों ने विशेष भूमिका निभाई। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे जिला संवाददाता......

## राज्यपाल

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसर उपलब्ध करवाना सशक्त, समृद्ध व विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। हमीरपुर में **एक से श्रेष्ठ** पहल के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देश की वास्तविक शक्ति उसके बच्चों में नीहित है और सामाजिक, आर्थिक पृष्ठभूमि सहित भोगौलिक स्थिति से पर हर बच्चे को शिक्षा, कौशल और अपनी प्रतिभा निखारने के लिए पर्याप्त अवसर मिलने चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस नीति से समग्र, समावेशी व ज्ञान आधारित शिक्षा व्यवस्था की दिशा में परिवर्तकारी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है।

## स्वच्छता

कुल्लू शहर में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर सकारात्मक बदलाव सामने आया है। शहर की एम. आर.एफ. साईट अब कचरे से मुक्त हो गई है, जिसके चलते लोगों को बढ़ती बीमारियों और बदबू से राहत मिली है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे जिला संवाददाता.....

**मौसम**

प्रदेश में मानसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मानसून की वर्षा के चलते प्रदेश में अभी भी कई सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास जारी हैं। इसके अलावा प्रभावित हुए बिजली ट्रांसफार्मर और पेयजल योजनाओं को भी बहाल करने का कार्य किया जा रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कांगड़ा, मंडी और सिरमौर जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

................................